पश्चिम मध्य रेल
West Central Railway

महाप्रबंधक कार्यालय
जनसम्पर्क विभाग
जबलपुर

महाप्रबंधक की अध्यक्षता मे संरक्षा की समीक्षा बैठक आयोजित

दिव्यांगजन सुविधाओं, अधोसंरचनात्मक कार्य एवं सेफ्टी पर हुई प्रमुखता से चर्चा

जबलपुर 29 जुलाई। पश्चिम मध्य रेलवे महाप्रबंधक श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय की अध्यक्षता में मंगलवार 29 जुलाई 2025 को-आर्डिनेशन रिव्यु मीटिंग सम्पन्न हुई। बैठक में अधोसंरचना कार्य, सेफ्टी, पंक्चुवेलिटी, रेलगाड़ियों के संरक्षित एवं सुरक्षित परिचालन पर जोर देने पर बात हुई। इसके साथ ही प्रमुखता से दिव्यांगजन के लिए रेल सुविधाओं, रेलवे स्टेशनों पर लिफ्ट/एस्कलेटर, गुड्स शेड उन्नयन एवं अधोसरंचनात्मक कार्यों के अंतर्गत चल रहे फुट ओवर ब्रिज की समीक्षा जैसे अनेक विषयों पर विचार-विमर्श किया गया।

महाप्रबंधक ने कहा कि संरक्षा पश्चिम मध्य रेलवे की प्राथमिकता हैं। उन्होंने ने संरक्षा एवं सुरक्षा के सम्बन्ध में रेलवे बोर्ड द्वारा निर्धारित निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने संरक्षा से सम्बंधित सुधारों को योजनाबद्ध तरीके से पालन करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने रेलगाड़ियों की पंक्चुअलिटी मॉनिटर करने, एवं ट्रेनों की स्पीड सबंधी कार्यों तथा सेफ्टी पर जोर देने की बात कही। मीटिंग के दौरान महाप्रबंधक ने दिव्यांगजन यात्रियों की रेल सुविधाओं को विस्तारित करने के लिए विशेष जोर देने की बात कही साथ उनकी रेल यात्री सुविधाओं में स्टेशनों पर आवागमन हेतु बेहतर रैम्प, ब्रेल लिपि साइनेज बोर्ड, अलग से अतिरिक्त शौचालय जैसे निर्माण कार्यो को समय-सीमा में कराये जाये। रेल परियोजनाओं के अंतर्गत चल रहे अधोसरंचना निर्माण कार्य के तहत स्टेशन पर बनाये जा रहे फुट ओवर ब्रिज के कार्यो को समय-सिमा में पूर्ण करने में गति देने की जरुरत है। गुड्स ट्रैफिक को बढ़ाने के लिए गुड्स शेडों के उन्नयन कार्यो निरंतर वृद्धि करते हुए विस्तारित करने पर जोर दिया जाय।

महाप्रबंधक ने पश्चिम मध्य रेलवे में चल रही रेल परियोजनाओं और अन्य विकासात्मक अधोसरंचना कार्यों के निर्धारण, समाप्ति क्रियान्वयन और प्रगति के लिए पश्चिम मध्य रेल के पूंजी व्यय योजना पर विस्तार से चर्चा की।

श्रीमती बंदोपाध्याय ने विभागीय प्रमुखों और मंडल रेल प्रबंधकों को निर्देश दिए कि वे सुरक्षा एवं संरक्षा और यात्री सुविधाओं की विस्तारीकरण को प्राथमिकता देते हुए समय से ट्रेनों का संचालन सुनिश्चित करे।

इस बैठक में अपर महाप्रबंधक श्री प्रमोद कुमार खत्री एवं प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी श्री प्रवीन खोराना, वरिष्ठ उप महाप्रबंधक श्री नीरज कुमार, प्रमुख मुख्य इंजीनियर श्री आशुतोष, प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक श्री कुशाल सिंह, प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक श्री मनीष तिवारी, प्रमुख मुख्य यांत्रिकी इंजीनियर श्री एम विजय कुमार, प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी श्री एस डी पाटीदार, प्रमुख मुख्य इलेक्ट्रिकल इंजीनियर श्री मुकेश, प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक श्री मनोज कुमार गुप्ता, प्रमुख मुख्य सुरक्षा आयुक्त श्री राजीव कुमार यादव, प्रमुख मुख्य चिकित्सा निदेशक डॉ. श्याम सुन्दर, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण) श्री एम, एस हाशमी एवं सचिव महाप्रबंधक श्री राहुल जयपुरियार सहित मुख्यालय के अन्य विभाग के मुख्य विभागाध्यक्ष भी उपस्थित थे। इसके आलावा जबलपुर, भोपाल एवं कोटा के मंडल रेल प्रबंधक भी वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से जुड़े रहे।

संख्या : पमरे/मुख्या/मुजसअधि/प्रेस विज्ञप्ति/257/2025 दिनांक 29.07.2025

सम्माननीय संपादक,

कृपया जनहित में उपरोक्त समाचार अपने लोकप्रिय दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित कर सहयोग प्रदान करें।

मुख्य जनसंपर्क अधिकारी
पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर